सं 11/01/ 2018-गो-1/1

कर्मचारी चयन आयोग

विषय:- संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा, 2018- टियर- **II** (वर्णनात्मक प्रश्नपत्र) में उपस्थित होने के लिए टियर-**I** के परिणाम की घोषणा - के संबंध में।

***

कर्मचारी चयन आयोग ने देश भर के विभिन्न केन्द्रों में डाक सहायक/छंटाई सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा अवर श्रेणी लिपिकों की भर्ती हेतु दिनांक 01.07.2019 से 11.07.2019 तक कंप्यूटर आधारित पद्धति में संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10**+2**) (टियर-**I**) परीक्षा, 2018 का आयोजन किया था।

2. अभ्यर्थियों को टियर-**I** कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर टियर-**II** (वर्णनात्मक प्रश्नपत्र) में बैठने के लिए श्रेणीवार शॉर्टलिष्ट किया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सूची-**I**)को छोड़कर डाटा एंट्री ऑपरेटरों, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सूची-**II**) में डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा अवर श्रेणी लिपिक/ कनिष्ठ सचिवालय सहायक तथा डाक सहायक / छंटाई सहायक(सूची-**III**) के पदों के लिए अलग-अलग कट-ऑफ निर्धारित किया गया है।

3. जैसा कि टियर-**I** कंप्यूटर आधारित परीक्षा एकाधिक पारियों में आयोजित की गई थी अतः दिनांक 07.02.2019 को आयोग के वेबसाइट पर अपलोड किए गए सूत्र के आधार पर अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को सामान्यकृत किया गया है। परीक्षा (अर्थात टियर-**II**) के अगले स्तर के लिए अभ्यर्थियों को अर्हक घोषित करने के लिए ऐसे सामान्यकृत अकों का प्रयोग किया गया है।

4. टियर-**II** (वर्णनात्मक प्रश्नपत्र) में बैठने के लिए अनंतिम रूप से अर्हक श्रेणीवार ब्यौरा तथा प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रयोग की गई कट-ऑफ निम्नानुसार है:

सूची-**I**- **<u>डाटा एंट्री ऑपरेटर (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को छोड़कर) के पदों के लिए:</u>**

	अना	अ जा	अज जा	अपिव	आकव	भूपू सै	अ. दि	श्र. दि	दृ. दि	अन्य शा. दि	योग
कट-ऑफ अंक	181.47	-	-	178.45	-	-	-	-	-	-	-
उपलब्ध अभ्यर्थी	96*	14	4	53	8	-	-	-	-	-	175

*ऊपरोल्लिखित अना अभ्यर्थियों के अलावा 14 अजा, 04 अजजा, 28 अपिव तथा 08 आकव के अभ्यर्थी अना मानक पर अर्हता प्राप्त कर रहे है।

टिप्पणीः अजा, अजजा, आकव, भूपूसै, अदि, श्रदि, दृदि तथा अन्य शा.दि श्रेणी के अंतर्गत कोई रिक्ति उपलब्ध नहीं है । तथापि अना मानक पर अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणी में दर्शाया गया है।

सूची-II- नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों के लिए:

	अना	अजा	अजजा	अपिव	आकव	भूपूसै	अ.दि	श्र.दि	दृ.दि	अन्य शा.दि	योग
कट-ऑफ अंक	165.93	145.52	136.74	161.72	163.75	117.13	129.42	98.86	-	-	
उपलब्ध अभ्यर्थी	445*	371	207	672	276	252	52	51	4	-	2330

*ऊपरोल्लिखित अना अभ्यर्थियों के अलावा 29 अजा, 07 अजजा, 356 अपिव, 209 आकव, 02 अ.दि तथा03 दृ.दि के अभ्यर्थी अना मानक पर अर्हता प्राप्त कर रहे है ।

टिप्पणी1: दृदि तथा अन्य शा.दि श्रेणी के अंतर्गत कोई रिक्ति उपलब्ध नहीं है । तथापि अना मानक पर अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को उनके संबंधित श्रेणी में दर्शाया गया गया ।

सूची-III- अवर श्रेणी लिपिक/ कनिष्ठ सचिवालय सहायक तथा डाक सहायक / छंटाई सहायक के पदों के लिए:

	अना	अजा	अजजा	अपिव	आकव	भूपूसै	अ.दि	श्र.दि	दृ.दि	अन्य शा.दि	योग
कट-ऑफ अंक	135.60	110.09	99.09	133.74	127.25	56.11	102.75	58.43	84.87	50.00	-
उपलब्ध अभ्यर्थी	8332*	7936	4191	10831	6675	5063	606	614	605	248	45101

*ऊपरोल्लिखित अना अभ्यर्थियों के अलावा 1319 अजा, 365 अजजा, 9621 अपिव, 4161आकव, 28 भूपूसै, 58 अ.दि, 04 श्र.दि, 45 दृ.दि तथा 01अन्य शा.दि के अभ्यर्थी अना मानक पर अर्हता प्राप्त कर रहे है ।

5. अभ्यर्थियों की श्रेणी उनके अनुक्रमांक के साथ दर्शाया गया है । यदि कोई अभ्यर्थी अपने नाम, अनुक्रमांक तथा श्रेणी में बेमेलता पाता है तो उसे तत्काल इसकी सूचना आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को देना चाहिए ।

6. संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा, 2018 की वर्णनात्मक प्रश्नपत्र (टियर-**II**) की तिथि 29.09.2019 को निर्धारित की गई है । अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रमाण पत्र आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के वेबसाइट पर टियर-**II** परीक्षा के आयोजन के लगभग 07 दिन पहले अपलोड किया जाएगा । तथापि, प्रवेश प्रमाण पत्र डाउनलोड न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को तत्काल आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क करना चाहिए । प्रवेश प्रमाण पत्र डाउनलोड सुनिश्चित करना अभ्यर्थियों की स्वयं की जिम्मेदारी है ।

7. अभ्यर्थियों से उत्तर कुंजियों के संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों की सावधानी पूर्वक जांच की गई तथा जहां कही भी आवश्यक हो उत्तर कुंजियों को आशोधित किए गए है । मूल्यांकन के लिए अंतिम उत्तर कुंजियों का प्रयोग किया गया है । अभ्यर्थियों के प्रश्नपत्र सहित अंतिम उत्तर कुंजी एक माह अर्थात 13.09.2019 से 12.10.2019 की अवधि तक अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध होंगे ।

8. यह परिणाम कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट **http://ssc.nic.in** पर उपलब्ध है ।

9. अर्हता प्राप्त/ गैर- अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों के अंक आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 13.09.2019 को प्रदर्शित किए जाएंगे । अभ्यर्थी दिनांक 13.09.2019 से 12.10.2019 तक आयोग की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण संख्या तथा पंजीकरण पासवर्ड प्रयोग करके अपना अंक देख सकते है ।

अवर सचिव (गो-1/1)
12-09-2019